PART-1

पुनर्जागरण काल के प्रमुख खोज यात्री- क्रिस्टोफर कोलम्बस

भाग:- 3

डॉ. राजेश कुमार सिंह, भूगोल विभाग

सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय, सहरसा

पुनर्जागरण काल के प्रमुख खोज यात्री (Main Explorers of Renaissance Period)

उत्तर मध्यकाल या पुनर्जागरण काल में पश्चिमी यूरोपीय देशों के शासकों तथा जनता के प्रोत्साहन एवं सहायता से अनेक खोज यात्रियों (नाविकों) ने नये-नये महासागरीय मार्गों और महाद्वीपों, द्वीपों, देशों आदि का पता लगाया। इस युग के खोजयात्रियों में मा्कोपोलो, कोलंबस, वास्कोडीगामा, मैंगेलन, कुक, अमेरिगो वसपुक्की, जोन्स डीमांट, फ्रांसिस ड्रेक, हडसन आदि के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। कुछ प्रमुख खोजयात्रियों की यात्राओं का संक्षिप्त विवरण अग्रांकित है:-

2. क्रिस्टोफर कोलम्बस (Christopher Columbus)

इसके पश्चात् वह स्वदेश लौट आया और मार्च 1496 को स्पेन पहुँच गया। स्पेन में दो वर्ष रुकने के पश्चात कोलम्बस ने तीसरी समुद्री यात्रा पर पहले से अधिक दक्षिण के लिए प्रस्थान किया और

ड्रिनिडाड तथा ओरीनीको नदी के मुहाने तक की यात्रा की और हैटी लौट आया जहाँ उसे स्थानीय विद्रोह और विश्वासघात का सामना करना पड़ा। उसे बन्दी बनाकर स्पेन ले जाया गया किन्तु उसके पूर्ववर्ती कार्यों पर विचार करते हुए साम्राज्ञी ईसा बेला ने उसे क्षमा कर दिया।

एशिया के समुद्री मार्ग की खोज में कोलम्बस चौथी समुद्री यात्रा 9 मई 1502 को आरंभ किया और हाण्डूरास की खोज करते हुए पनामा जा पहुँचा। अनेक कठिनाइयों के कारण वहाँ से कोलम्बस



Christopher Columbus travel map

1504 में स्पेन लौट आया। तब तक साम्राज्ञी ईसा बेला की मृत्यु हो चुकी थी। वह अर्थाभाव से पीड़ित और बीमार रहने लगा था और दो वर्ष पश्चात 1506 में कोलम्बस की मृत्यु हो गयी। उसका जीवन कठिन परिश्रम और जोखिम से पूर्ण था। वह भारत का खोज करने निकला था। वह भारत तो नहीं किन्तु नये संसार (अमेरिका) की खोज करने में सफल रहा और विश्व प्रसिद्ध हो गया।